Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expand the warehousing facilities for storage of paddy and wheat in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री सुशील कुमार सिंह (**औरंगाबाद**): मेरे संसदीय क्षेत्र बिहार के औरंगाबाद और गया जिले के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद में दिक्कत आ रही है I इसका सबसे बड़ा कारण गोदाम की कमी का होना है I औरंगाबाद जिले में इस वर्ष 9 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ जिसमें ढाई लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है लेकिन भंडारण की क्षमता मात्र 35 हजार टन की है I एक तो लक्ष्य ही कम है और दूसरा भंडारण क्षमता कम होने के कारण लक्ष्य के अनुरूप खरीद भी नहीं हो पाती है I

किसानों का अधिकतम धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद हो इसके लिए मैं भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि केन्द्रीय भंडारण आयोग (CWC) के द्वारा वहाँ धान और गेहूं के उत्पादन के अनुसार भंडारण क्षमता में वृद्धि किया जाए I भंडारण क्षमता में वृद्धि हेतु यह आवश्यक होगा कि FCI द्वारा किराए के दरों में वृद्धि की जाए जिससे निजी गोदामों के निर्माण को प्रोत्साहन मिल सके इससे गया और औरंगाबाद दोनों जिलों में भंडारण क्षमता का विस्तार संभव हो सकेगा ।